## सार-समाचार

### महाकवि माघ जयंती महोत्सव पर चर्चा

**भीनमाल**, (निसं)। स्थानीय कवि माघ उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में गुरुवार को महाकवि माघ विकास संस्थान व नगर के लोगों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में महाकवि माघ महोत्सव के तहत एक फरवरी को अखिल भारत स्तरीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन पर चर्चा की गई। दिनेश कुमार दवे नवीन ने बताया कि नगर के प्रसिद्ध मातुश्री हुआ देवी मलाराम गहलोत के अमृत जीवित महोत्सव के सौजन्य से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में डॉक्टर हरि ओम पंवार के नेतृत्व वाली विविध कवियों के सानिध्य में भव्य आयोजन होने जा रहा हैं। डॉ घनश्याम व्यास कार्यक्रम समन्वयक ने बताया कि सम्मलेन को लेकर क्षेत्र में महाकवि माघ जन्म जयन्ती महोत्सव की आमंत्रण पत्रिका पीले चावल के साथ आमंत्रण पत्र भेजने के लिए लोगों की उपस्थिति में नगर के प्रमुखजनों सहित सरकारी विभागों में पत्रिका पहुंचाने के लिए दल आमंत्रित क लिए बनाए गए विविध संगठनों को पत्रिका की जिम्मेदारी दी गई। कवि सम्मेलन के आयोजन में भामाशाह हुआ देवी, मला राम गहलोत के परिवार का उपस्थित लोगों ने अभिनंदन किया। इस दौरान ठाकुर शेखर व्यास, हकसिंह के राव, हरिसिंह सोलंकी, श्याम खेतावत, मोहन सिंह सिसोदिया, प्रेमाराम बंजारा, जगदीश रामावत, दिनेश दवे नवीन, कांतिलाल जैन, नेनाराम चौहान,दिनेश वत्सल, मांगीलाल गहलोत, सालूराम देवासी, उत्तम दर्जी, जोरावर सिंह राव, पारस घांची , कृष्ण कुमार दर्जी, सी एल गहलोत, ओम प्रकाश सुन्देशा, ललित शर्मा, दीपाराम, डॉ घनश्याम व्यास, वासुदेव अवस्थी, कपूरचंद जीनगर , सुरेश वोरा, ओटसिंह राव, नरोत्तम त्रिवेदी, पारसमल राणा, राजेश सोलंकी, गहलोत अरुण, पप्पू माली, पारस राणा, नरपत सिंह लोल, किशोर माली, महेन्द्र शर्मा, मफाराम मेघवाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

### रूपराज पुरोहित के नेतृत्व में ज्ञापन दिया

**जालोर**, (कासं)। शिव सेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) जालोर जिला प्रमुख रूपराज पुरोहित के नेतृत्व में गुरुवार को जिला कलेक्टर जालोर को ज्ञापन सौंपकर बासफोड समुदाय के लिए श्मशान भूमि के आवंटन की मांग की गई। ज्ञापन में बताया कि बासफोड समाज पिछले सौ वर्षो से खसरा नंबर 2225/6287, भीनमाल रोड, जालोर स्थित भूमि पर अपने मृतकों का अंतिम संस्कार करता आ रहा है, बावजूद इसके आज तक उन्हें वैधानिक रूप से श्मशान भूमि का अधिकार नहीं मिला है। शिव सेना जिला प्रमुख रूपराज पुरोहित ने कहा कि बासफोड समाज अत्यंत वंचित और मेहनतकश समुदाय है, जो आजीविका के लिए बांस से बने सामानों का निर्माण कर जीवन यापन करता है। उन्हें सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार के लिए स्थायी श्मशान भूमि उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। शिव सेना ने जिला प्रशासन से मांग की कि उक्त भूमि को शीघ्र ही बासफोड समुदाय के नाम श्मशान भूमि के रूप में आवंटित किया जाए, ताकि वर्षों से चली आ रही इस सामाजिक समस्या का स्थायी समाधान हो सके।
इस अवसर पर पूर्व पार्षद ओमाराम राणा, समाजसेविका जसवंती राणा, नरेश राणा, लाखाराम जोगी, चेतराम जोगी, वेलाराम जोगी, सुशीला देवी, शान्तिदेवी सहित अन्य बडी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

### मादक तस्करी के दो आरोपी गिरफ्तार

**भीनमाल**, (निसं)। उदयपुर एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स से मिली पुख्ता सूचना के आधार पर जालौर एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और भीनमाल पुलिस ने एक संयुक्त कार्रवाई को अंजाम देते हुए एनडीपीएस एक्ट के तहत बडी कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ तस्करी का खुलासा किया है। संयुक्त टीम ने भीनमाल शहर के रामसीन रोड पर दबिश देकर करीब 300 ग्राम प्रतिबंधित अवैध मादक पदार्थ एमडी (मॉली) बरामद किया है और मौके से दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विक्रम कुमार पुत्र कस्तूरा राम माली निवासी डुंगरवा, तथा विकास कुमार पुत्र मोहनलाल निवासी पुनासा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार जब्त की गई एमडी की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। दोनों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर उनसे गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के आधार पर मादक पदार्थ तस्करी से जुडे नेटवर्क और अन्य संलिप्त व्यक्तियों की पहचान की जा रही है। यह कार्रवाई एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के आईजीपी विकास कुमार के निर्देशन में जालौर एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स तथा भीनमाल थानाधिकारी राजेंद्र सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई।

### लोक देवता रामदेव का मेला भरा

**सायला**, (निसं)। निकटवर्ती जूना गाला स्थित बाबा रामदेव मंदिर में माघ शुक्ल एकादशी पर भव्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रभर से बडी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। मेले में सुबह से ही श्रद्धालुओं के पारंपरिक वेशभूषा में सजधज कर आने का सिलसिला हो गया था। जो दोपहर के बाद भी जारी रहा। मेले को लेकर मंदिर की रंग बिरंगी रोशनी से सजावट कर मूर्ति का श्रृंगार किया। इसके बाद लाभार्थी परिवार ने मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण कर महाआरती की। मंदिर में श्रद्धालुओं ने बाबा की मूर्ति के समक्ष शीश नवाकर प्रसादी का भोग लगाया। वहीं मंदिर में स्थानीय लोक कलाकारों ने वीणा पर बाबा रामदेव के भजनों की प्रस्तुति दी। जिस पर श्रद्धालुओं ने भाव नृत्य किया। वहीं महिलाओं ने मंगल गीत गाए। मेले में हाट बाजार में विभिन्न प्रकार की दुकानों सजी थी, जिसमें महिलाओं ने घरेलू सामान की खरीददारी की। बच्चों ने मनोरंजन के लिए खिलौने खरीदें। किसानों ने कृषि के औजार की खरीददारी की। साथ ही झूले भी लगे थे। जिनमें सभी ने लुत्फ उङ्गाया। ग्रामीणों क्षेत्रों से लोग ट्रेक्टर ट्रॉली में समूह के रूप में गाते हुए नजर आए।

### आलासन में मंदिरों पर वार्षिक ध्वजारोहण

**सायला**, (निसं)। निकटवर्ती आलासन स्थित चमत्कारी प्रकट हनुमान मंदिर में गुरुवार को वार्षिक ध्वजारोहण धूमधाम से आयोजित किया गया। मंदिर की 28वीं वर्षगाठ के निमित हनुमान मंदिर, राम दरबार मंदिर, श्रीराधा कृष्ण मंदिर, श्रीओमकारेश्वर महादेव मंदिर व बाबा रामदेव मंदिर को रंग बिरंगी फूल मालाओं से आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा मूर्तियों का विशेष श्रृंगार किया। इसके बाद लाभार्थी परिवारों द्वारा मंदिर के शिखर पर गाजेबाजे के साथ आचार्य करण दवे के आचार्यत्व में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जयकारो के बीच ध्वजारोहण किया गया। साथ ही महाआरती कर प्रसादी का भोग लगाया गया। ध्वजारोहण पर श्रद्धालुओ ने मंदिरों में दर्शन कर शीश नवाया तथा खुशहाली की कामना की।मंदिर में दिनभर मेले सा माहौल रहा। वही ध्वजारोहण निमित पांचों मंदिरों में पंचामृत अभिषेक कर विश्व मंगल की कामना की। रुद्र यज्ञ का भी आयोजन किया गया। जिसमे ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आहुति दी गई।

### मनरेगा के लिए कांग्रेस का प्रदर्शन

**जोधपुर**, (कासं)। मनेरगा को षड्यंत्र पूर्वक नाम बदलने व समाप्त करने के विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत आज चौपासनी हाउसिंग बोर्ड ब्लॉक अध्यक्ष परमसुख पुरोहित की अगुवाई में पहला पुलिया मजदूर मैदान में कॉर्नर मीटिंग रखकर प्रदर्शन किया गया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ. संजय गौड़ ने बताया कि इस दौरान जोधपुर शहर जिला कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ओमकार वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेश चंद जोशी, ब्लॉक महामंत्री विजय मंघनानी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष ओमकार वर्मा ने कहा कि मनरेगा से छेड़छाड़ करने से गांव ढाणी के मजदूर शहरों की ओर पलायन करेंगे।

### बकाया राशि वसूली के लिए टीमें बनाई

**जालोर**, (का.सं.)। जालोर शहर में पेयजल कनेक्शन की बकाया राशि वसूल करने के लिए राजस्व वसूली अभियान चलाया जायेगा। अभियान के तहत पेयजल उपभोक्ताओं द्वारा बकाया राशि नहीं भरने पर उनके जल कनेक्शन विच्छेद करने की कार्यवाही की जायेगी। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग नगर उपखण्ड जालोर के सहायक अभियंता मुकेश कुमार ने जालोर शहर के पेयजल उपभोक्ताओं को सूचित किया हैं कि पेयजल कनेक्शन की बकाया राशि अविलम्ब कार्यालय में जमा करावें। विभाग द्वारा डोर-टू-डोर जाकर राजस्व वसूली के लिए दो टीमों का गठन किया गया है। यदि कोई उपभोक्ता पेयजल कनेक्शन की बकाया राजस्व राशि नहीं भरता है तो विभागीय टीम द्वारा बिना नोटिस दिए तुरन्त प्रभाव से पेयजल कनेक्शन काटने की कार्यवाही की जायेगी।

### सर्व धर्म प्रार्थना एवं श्रद्धांजलि सभा आज

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति जैसलमेर द्वारा शुक्रवार 30 जनवरी को हनुमान चौराहे पर स्थित गांधी दर्शन के आगे प्रातः 11 बजे श्रद्धांजलि सभा एवं सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा। महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति जैसलमेर के संयोजक उम्मेद सिंह तंवर ने यह जानकरी दी।

# मल्टीमीडिया प्रदर्शनी से सरकारी योजनाओं की जानकारी दी

**पाली**, (नि.सं.)। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो, सिरोही द्वारा राजकीय बांगड़ पी.जी. महाविद्यालय, पाली परिसर स्थित सेमिनार हॉल में 29 से 30 जनवरी तक आयोजित दो दिवसीय ''वंदे मातरम् - 150 वर्ष : विकसित भारत, अन्नदाता का मान, श्रम शक्ति का सम्मान'' विषयक मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का उद्घाटन आज जिला कलेक्टर एल.एन. मंत्री ने किया।

उद्घाटन अवसर पर वृताधिकारी मदन सिंह चौहान, महाविद्यालय के प्राचार्य महावीर सिंह, सुनील भंडारी, एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र के प्राचार्य डॉ. के.सी. सैनी, आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक डॉ. बजरंग लाल शर्मा सहित कई जने उपस्थित रहे। अतिथियों ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर अतिथियों ने प्रदर्शनी में प्रदर्शित वंदे मातरम् के 150 वर्ष तथा केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित पैनलों का अवलोकन किया और उनकी सराहना की।

समारोह को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर एल.एन. मंत्री ने आमजन से अपील की कि वे इस मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का अधिक से अधिक अवलोकन कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें तथा उनका लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। यह प्रदर्शनी वंदे मातरम् के 150 वर्ष के महत्व एवं केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुँचाने का प्रभावी माध्यम है। सही जानकारी ही पात्र व्यक्ति को योजनाओं का वास्तविक लाभ दिला सकती है।

इस अवसर पर सुनील भंडारी ने केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2014 से किए गए प्रयासों एवं उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कहा कि युवाओं को स्टार्टअप से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

उन्होंने जनधन खाता योजना, किसान सम्मान निधि तथा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की।

मुख्य वक्ता डॉ. के.सी. सैनी ने उपस्थित जनसमूह को नशा मुक्ति के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि तम्बाकू एवं अन्य नशीले पदार्थ स्वास्थ्य के लिए अत्यंत घातक हैं।

उन्होंने सभी से नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आहवान किया। सहायक डाक अधीक्षक मांगीलाल ने सुकन्या समृद्धि योजना, पी.एल.आई., इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक, आवर्ती जमा (आर.डी.) आदि योजनाओं के बारे में जानकारी दी। वहीं डाक विभाग के जनसम्पर्क निरीक्षक श वैभव त्रिवेदी ने आधार अपडेट से संबंधित जानकारी प्रदान की।

जिला अग्रणी बैंक के मुख्य प्रबंधक देवेन्द्र कुमार जोशी ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, जनधन खाता योजना एवं कुसुम योजना के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने वित्तीय साक्षरता के अंतर्गत साइबर अपराध से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियों पर भी प्रकाश डाला। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. रविन्द्र कुमार ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर, आंचल प्रसूता केन्द्र, जरावस्था केन्द्र योजना तथा नियमित दिनचर्या के महत्व के बारे में जानकारी दी।

केन्द्रीय संचार ब्यूरो, सिरोही के प्रभारी अधिकारी फूलचंद गहलोत ने अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रदर्शनी के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने वंदे मातरम् के 150 वर्ष, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एवं जीएसटी सुधार 2.0 के संबंध में जानकारी दी।

केन्द्रीय संचार ब्यूरो, प्रादेशिक कार्यालय जयपुर के श्री अभिषेक यादव ने अमृत भारत स्टेशन योजना, राष्ट्र प्रथम - राष्ट्रीय सुरक्षा तथा प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना पर जानकारी साझा की।

केन्द्रीय संचार ब्यूरो, डूंगरपुर के प्रभारी अधिकारी नरेश कुमार बैरवा ने कार्यक्रम का संचालन किया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्रदर्शनी के दौरान जन कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

लीला देवी पार्टी, पाली द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से योजनाओं का संदेश दिया गया। प्रदर्शनी स्थल पर डाक विभाग, बैंक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा आयुर्वेद विभाग द्वारा सूचना स्टॉल लगाए गए। प्रदर्शनी के प्रथम दिवस विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के महिला-पुरुषों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर चिकित्सा एवं आयुर्वेद विभाग के डॉ. दुर्जन सिंह, डॉ. भैंरो सिंह, हेमंत कुमार, राकेश रमेशा, प्रियंका सहित अन्य उपस्थित रहे।

# कालूसिंह की पुण्यतिथि पर 256 यूनिट रक्तदान

**जालोर**, (का.सं.)। जालोर कॉलेज के छात्र संघ अध्यक्ष रहे कालूसिंह टेकरा की तीसरी पुण्यतिथि पर शहर के बहुउद्देश्यीय सभागार में गुरुवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लेकर रक्तदान किया। दिनभर चले रक्तदान शिविर में 256 यूनिट रक्तदान किया गया।

स्व. कालूसिंह की लोकप्रियता युवाओं में काफी थी इसी कारण रक्तदान करने के लिए न केवल जालोर बल्कि सिरोही, पाली और बाड़मेर से भी युवा पहुँचे और रक्तदान किया। इधर युवाओं में भी रक्तदान करने के प्रति काफी जोश देखने को मिला।बता दें कि एबीवीपी के बैनर तले छात्र संघ अध्यक्षबने कालूसिंह भाटी टेकरा का शहर से आहोर मार्ग की ओर जाते समय कानिवाड़ा मोड़ पर एक्सीडेंट में निधन हो गया था उनके साथ दो और युवा कमलेश चौधरी व करणसिंह थे जिनका भी इस दुर्घटना में निधन हुआ था। आज उन सभी की याद में यह रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। हालांकि उनके निधन के बाद हर साल उनकी पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता है। इससे पूर्व आयोजन कर्ताओं ने कालूसिंह व दो साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

भैरुनाथ अखाड़ा के ईश्वर नाथ महाराज, भाजपा नेता रविन्द्रसिंह बलावत, लाल सिंह धानपुर,अभिमन्यु सिंह देसु,रघुवीर सिंह निंबला,विक्रम सिंह भाटी, परमवीर सिंह भाटी, अर्जुन सिंह उज्जवल, सुष्मिता गर्ग, रूपेंद्र सिंह सामुजा, बलवीर सिंह भाटी, गौतम सिंह राजपुरोहित बदली, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रामसिंह कुंडल, जगमाल सिंह भाटा, कुदरत सिंह सिंदरू, गिरिराज सिंह कुआड़ा, गोवर्धन सिंह गुड़ारामा, करण सिंह बरसिंगा, जगमाल सिंह बाड़मेर, नारायण सिंह आकोली, प्रदीप सिंह दासपा, मुकेश कुमार माली, चन्द्रप्रकाश सेन सहित कई लोगो ने रक्तदान शिविर में भाग लिया और भाटी के कार्यो को याद करके उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

शिविर में अस्पताल प्रशासन सहित एनसीसी कैडेट का विशेष सहयोग रहा।

# छात्राओं का जेठापाड़ा में चांडक परिवार ने स्वागत किया

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, नाचना की छात्राओं ने अध्यापिकाओं के मार्गदर्शन में स्वर्ण नगरी जैसलमेर के विश्व विख्यात पर्यटन स्थलों का शैक्षिणक भ्रमण किया। इस दौरान छात्राओं ने पटवा हवेली सहित शहर के विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों की कलाकृति और इतिहास को जाना।

भ्रमण के दौरान शहर के जेठापाड़ा स्थित नाचना निवासी दामोदर दास चांडक के परिवार द्वारा छात्राओं एवं अध्यापिकाओं का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। चांडक परिवार ने अपने निवास स्थान पर सभी पर पुष्प वर्षा की और फ्रूटी पिलाकर उनका अभिनंदन किया। इस आतिथ्य से उत्साहित छात्राओं ने भारत माता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जयकारे लगाकर वातावरण को देशभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया।

इस अवसर पर दामोदरदास जेठा, नारायण जेठा, जोधपुर निवासी जगदीशप्रसाद चांडक, संजय चांडक, अचलदास डांगरा, प्रेमराज सेवक, हरीवल्लभ सेवक सहित मान कंवर चांडक, पुष्पा चांडक, मान कंवर डांगरा, राणी चांडक और जमना मोहता सहित मोहल्ले के महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

# जल संकट के स्थायी समाधान की उम्मीद जगी

**पोकरण**, (निसं)। पोकरण विधानसभा क्षेत्र में किए गए हेलीबोर्न सर्वे के परिणाम अत्यंत उत्साहवर्धक सामने आए हैं। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के विशेष प्रयासों से वर्ष 2021 में कराए गए इस अत्याधुनिक सर्वेक्षण ने पश्चिम राजस्थान के जल विहीन क्षेत्रों में जल संकट के स्थायी समाधान की दिशा में नई उम्मीदें जगाई हैं।

केंद्रीय भूजल बोर्ड द्वारा जिला कलेक्टर, जैसलमेर को प्रेषित सर्वे रिपोर्ट के अनुसार पोकरण क्षेत्र के अनेक ऐसे स्थानों पर भूजल उपलब्धता के संकेत मिले हैं, जहां पूर्व में किए गए पारंपरिक अनुसंधानों में सफलता नहीं मिल पाई थी। यह सर्वे भारत सरकार के केंद्रीय भूजल बोर्ड, एनजीआरआई (हैदराबाद) तथा राज्य सरकार के भूजल विभाग के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ। हेलीबोर्न सर्वे के तहत पोकरण विधानसभा क्षेत्र के फलसूंड से छायन एवं धुडसर से राजगढ तक विस्तृत भू-भाग में गहन वैज्ञानिक अनुसंधान किया गया। वरिष्ठ भूजल वैज्ञानिक डॉ. नारायण दास इणखिया के अनुसार पोकरण तहसील का अधिकांश क्षेत्र अब तक भूजल की दृष्टि से अत्यंत अल्प जल वाला माना जाता रहा है, लेकिन इस सर्वे में ऐसे गांवों में भी भूजल मिलने की प्रबल संभावनाएं सामने आई हैं, जहां पूर्व में पानी की कोई उम्मीद नहीं मानी जाती थी। हेलीबोर्न सर्वे एक आधुनिक वैज्ञानिक तकनीक है, जिसमें हेलीकॉप्टर के माध्यम से इलेक्ट्रोमैग्नेटिक एवं जियोफिजिकल प्रक्रियाओं का उपयोग कर भूजल की खोज की जाती है। इस तकनीक से कम समय में बडे क्षेत्र का सर्वे कर अत्यंत सटीक और विश्वसनीय परिणाम प्राप्त किए जाते हैं।

वही पोकरण क्षेत्र में किए गए इस सर्वे में कुल 64 स्थानों पर भूजल उपलब्धता के संकेत मिले हैं। इनमें से 55 ऐसे स्थान हैं, जहां पूर्व में किए गए अनुसंधानों में भूजल नहीं मिल पाया था। इनमें अधिकांश वे गांव शामिल हैं, जहां वर्षो से पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है।

लगभग 15 हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में किए गए इस सर्वे से न केवल संभावित भूजल स्त्रोतों की पहचान संभव हुई है, बल्कि भूजल पुनर्भरण के लिए उपयुक्त क्षेत्रों की जानकारी भी प्राप्त हुई है। हालांकि पोकरण एवं भनियाणा उपखंड में नहर का पानी पेयजल के लिए उपलब्ध हो चुका है, फिर भी इन चिन्हित स्थलों पर नलकूप निर्माण से आपात परिस्थितियों में आमजन को जल उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। विशेष रूप से फलसूंड क्षेत्र में भूजल की उपलब्धता सामने आना इस सर्वे की बडी उपलब्धि मानी जा रही है। विशेषज्ञों के अनुसार यह खोज भविष्य में क्षेत्र की जल सुरक्षा को सुदृढ करने में मील का पत्थर साबित हो सकती है और पश्चिम राजस्थान के जल संकट से जूझ रहे इलाकों के लिए एक नई दिशा प्रदान करेगी।

### आमंत्रण दिया

**जालोर**, (का.सं.)। एकलव्य फाऊंडेशन जालोर की ओर से होने वाले जालोर गौरव सम्मान समारोह एवं सर्व समाज प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर गंगा नाथजी महाराज भेरुनाथ अखाड़ा सिरे मंदिर धाम जालौर को आमंत्रण देकर आशीर्वाद लिया। सर्व समाज प्रतिभा सम्मान समारोह 1 फरवरी 2026 को दिन में 12 बजे चामुंडा गार्डन समतीपुरा रोड में होगा। जिले भर के उच्च अंक प्राप्त करने वाले बच्चो को सम्मानित किया जायेगा।

एकलव्य फाउंडेशन के सचिव भरत कुमार जिनगर ने बताया की प्रतिभा सम्मान समारोह मे 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मोमेंटो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। जिले में शिक्षा को बढावा देने के लिए सम्मान कार्यक्रम किया जाता है। कार्यक्रम को लेकर बुधवार को महंत गंगानाथजी महाराज को फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने आमंत्रण पत्रिका देकर समारोह के सफल आयोजन का आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर पारसमल ,वरिष्ठ सलाहकार शहजाद खान, अध्यक्ष पी बी सैन, केशियर, महेंद्र कुमार सुंदेशा, अर्जुन सिंह, कमलेश भाटी, नरपत राणा आदि मौजूद थे।

# युवती की मौत, युवक घायल

**जोधपुर**, (कासं)। आऊ के निकटवर्ती केलनसर-चिमाना मार्ग पर एक सडक़ दुर्घटना में एक युवती की मौत हो गई, जबकि एक युवक घायल हो गया।

अनियंत्रित कार सड़क किनारे लगी तारबंदी से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवती को आऊ उप जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### गुजरात के कारोबारी की हार्ट अटैक से मौत

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के उम्मेद उद्यान के पीछे आई एक होटल में गुजरात के कारोबारी की हार्ट अटैक आने से मौत हो गई। वह बुधवार की सुबह अपने मामा के साथ होटल पर पहुंचा था और बाथरूम में नहाकर बाहर आया और यह हादसा हो गया। बाद में मामा को सूचना दी गई।

उदयमंदिर थाने के एएसआई नाथूराम ने बताया कि गुजरात के चार रास्ता प्रगति सोसायटी नवरंगपुरा अहमदाबाद का रहने वाला 52 वर्षीय रावल दिनेश भाई अपने एक अन्य रिश्ते के मामा हरिराम भाई के साथ बुधवार की सुबह जोधपुर आया था। वह व्यपारिक सिलसिले में जोधपुर आया था। यहां उम्मेद उद्यान के पीछे आई एक होटल में गया था। जहां पर बाथरूम में नहाकर वापिस आया और वह अचानक से गश खाकर गिर गया। उसके रिश्ते के मामा हरिराम को तत्काल पता लगा और वे उसे अस्पताल लेकर पहुंचे मगर मृत बता दिया गया। संभवत: दिल का दौरा पडऩे से मौत हुई थी। घटना को लेकर मृतक रावल दिनेश के अन्य मामा गोविंद भाई की तरफ से मर्ग दर्ज कराया गया। एएसआई नाथूराम ने बताया कि शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द किया गया है।

# सुमेरपुर में आयुर्वेद क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा शिविर संपन्न

**पाली**,(नि.सं.)। राजस्थान सरकार के आयुर्वेद विभाग एवं आयुष मिशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दस दिवसीय नि:शुल्क आयुर्वेद क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा शिविर का समापन समारोह सुमेरपुर में आयोजित हुआ।

शिविर में जिला कलेक्टर एल. एन. मंत्री ने शिविर का अवलोकन कर ओपीडी एवं पंचकर्म चिकित्सा सेवाओं में कार्यरत चिकित्सकों से चर्चा की तथा अंतरंग विभाग में भर्ती रोगियों से कुशलक्षेम पूछकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने आयुर्वेद चिकित्सकों के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि युवा चिकित्सक आयुर्वेद के क्षेत्र में नवाचार के साथ उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर 0 से 16 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु स्वर्णप्राशन ड्रॉप पिलाई गई, जिसमें कुल 277 बच्चों को लाभान्वित किया गया।

समापन समारोह में उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग डॉ. बंजरंगलाल शर्मा ने बताया कि शिविर के दौरान दस दिनों में कुल 5154 रोगियों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा 25,770 दिवसों की नि:शुल्क औषधियां वितरित की गईं। शिविर में अर्श, भगंदर एवं परिकर्तिका रोग से पीड़ित कुल 128 रोगियों को भर्ती कर नि:शुल्क ऑपरेशन किए गए। पंचकर्म चिकित्सा के अंतर्गत कटिबस्ति, स्नेहन, स्वेदन एवं शिरोधारा द्वारा कुल 1565 रोगियों का उपचार किया गया। साथ ही योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से 548 रोगियों को लाभान्वित किया गया।

इस अवसर पर सहयोगकर्ता आस्था वैदिक संस्था के संस्थापक नरेन्द्र आस्था, ओमाशंकर मूंदड़ा,मांगीलाल परिहार, के. सी. जैन (लंदन) एवं कमलेश आस्था का सम्मान कर आभार व्यक्त किया गया। साथ ही अतिथियों के रूप में उपखंड अधिकारी कालूराम कुम्हार एवं नगरपालिका अधिशासी अधिकारी नरपत सिंह का भी सम्मान किया गया।

शिविर प्रभारी डॉ. रावेश गर्ग ने समापन समारोह में पधारे सभी अतिथियों, चिकित्सकों, कंपाउंडरों एवं परिचारकों का आभार व्यक्त करते हुए अपनी टीम के समर्पित कार्य की सराहना की। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रधान चिकित्साधिकारी डॉ. शिव शर्मा द्वारा किया गया।

### जोगाराम का आभार जताया

**जोधपुर**, (कासं)। पार्श्वनाथ सिटी रेसिडेंट वेलफेयर सोसाइटी में विधायक कोटे से पाईप लाईन बिछाने के लिए 20 लाख रूपये की राशि स्वीकृत करने पर सोसाइटी ने केबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल का आभार जताया।

उल्लेखनीय है कि संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने पार्श्वनाथ सिटी में पानी की पाइपलाइन बिछाने के लिए अपने विधायक कोटे से 20 लाख रुपए स्वीकृत किए थे। पीएचडी विभाग ने इसका टेंडर जारी कर दिया है। पार्श्वनाथ सिटी रेसिडेंट वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त सचिव राजीव भंडारी ने सोसाईटी ने उनको धन्यवाद दिया।

# मोदरान में नेत्र चिकित्सा व मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित

**भीनमाल**, (निसं )। मोदरान में अणदेश्वर वाटिका, सोनी समाज भवन में गुरुवार को नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का आयोजन अणदाराम सेवा संस्थान, मोदरान एवं ब्राह्मण स्वर्णकार युवा संगठन, जिला जालोर के सौजन्य से तथा ब्रह्माकुमारी राजयोग केन्द्र, भीनमाल एवं ग्लोबल अस्पताल आबूरोड के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। शिविर में डीवाईएसपी शंकरलाल मसूरिया एवं ब्रह्माकुमारी बीके गीता बहन के आतिथ्य में कुल 265 मरीजों की नेत्र जांच की गई। इनमें से 152 मरीजों को निःशुल्क चश्मे व 150 मरीजों को दवाइयां वितरित की गई तथा 36 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। जिन्हें वाहन द्वारा ग्लोबल अस्पताल आबूरोड ले जाया गया। जहां उनका नि: शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। युवा संगठन जिलाध्यक्ष रमेश सोनी ने बताया कि संस्था द्वारा यह तीसरा नेत्र शिविर आयोजित किया गया है। जिसमें समाज का उल्लेखनीय सहयोग रहा। साथ ही मोदरान गांव में जरूरतमंदों को सौ कंबल भी वितरित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत गुरुदेव श्री अणदारामजी महाराज की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की गई। डीवाईएसपी शंकरलाल मसूरिया ने अपने उद्बोधन में इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि नेत्र चिकित्सा एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन से बडा कोई पुण्य कार्य नहीं है। ब्रह्माकुमारी बीके गीता बहन ने बताया कि राजयोग केन्द्र भीनमाल द्वारा यह 135 वां नेत्र शिविर है। इस अवसर पर भोजन-प्रसादी की व्यवस्था जेठमल तिलोडा द्वारा की गई।

### पाइप में लगे पंखें के हुक में युवती ने लगाया फंदा

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर शहर के बलदेव नगर मसूरिया में रहने वाली एक युवती ने अपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।

आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। उसे फंदे से उतार कर कृत्रिम सांस दी गई, मगर वह बच नहीं पाई। पिता की तरफ से देवनगर थाने में मर्ग की रिपोर्ट दी गई।

देवनगर पुलिस ने बताया कि वीर दुर्गादास कॉलोनी बलदेव नगर मसूरिया गली नंबर 4 की रहने वाली 20 वर्षीय कुमकुम पुत्री राजू सिंह ने अपने घर में टीन शेड के पाइप में लगे पंखें के हुक में फंदा लगा लिया।

उसके फंदे पर लटके होने की जानकारी मिलने पर पिता ने दरवाजा तोडक़र फंदे से उतारा और कृत्रिम सांस देकर जान बचाने का प्रयास किया मगर वह बच नहीं पाई। पिता उसे अस्पताल लेकर पहुंचे मगर डॉक्टर ने चैक कर मृत बता दिया। पिता राजूसिंह ने मर्ग की रिपोर्ट दी है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत लेटा, पं. स. जालोर जिला जालोर**

क्रमांक / ग्रापं / 2025-26/203 दिनांक : 29/01/2026

**निविदा सूचना संख्या 04/ 2025-26**

ग्राम पंचायत लेटा द्वारा कुल 1 कार्य हेतु राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियमों के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधान विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन भरी जावेगी। निविदा के सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://sppp.rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.gov.in एवं ग्राम पंचायत नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

NIB No.: ZJR2526A0732
UBN No.: ZJR2526WSOB01172

प्रशासक, ग्राम पंचायत, लेटा, पंचायत समिति, जालोर — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत, लेटा, पंचायत समिति, जालोर



**कार्यालय ग्राम पंचायत सांकरणा, पं. स. जालोर जिला जालोर**

क्रमांक / ग्रापं / 2025-26/166 दिनांक : 27/01/2026

**निविदा सूचना संख्या 04/ 2025-26**

ग्राम पंचायत सांकरणा द्वारा कुल 3 कार्यों हेतु राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियमों के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधान विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन भरी जावेगी। निविदा के सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://sppp.rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.gov.in एवं ग्राम पंचायत नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

NIB No.: ZJR2526A0730
UBN No.: ZJR2526WSOB01168 to 01170

प्रशासक, ग्राम पंचायत, सांकरणा, पंचायत समिति, जालोर — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत, सांकरणा, पंचायत समिति, जालोर



**जालोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड**

प्रधान कार्यालय हरिदेव जोशी सर्किल के पास, जालोर-343001
Bank Helpline No.:-+91-9079806434 | Email ID - headoffice@jalore.bank.in/ Bank Website: www.jalore.bank.m

क्रमांक / जानासबैंक/15635 दिनांक 29.01.2026

**बैंक की न्यूनतम सेवा का उपयोग नहीं करने वाले सदस्यों के सम्बंध में सूचना**

आपको सूचित किया जाता हैं कि आप बैंक के सदस्य हैं परन्तु सदस्यता के अलावा आप द्वारा बैंक उपनियम सं. 14 (II) (i) के अनुसार बैंक द्वारा निर्धारित निम्नलिखित बैंकिग सेवाओं में से कोई एक सेवा का उपयोग किया जाना अनिवार्य है जो नही किया जा रहा है।

(1) जमा खाता (2) ऋण खाता (3) लॉकर्स सुविधा

यदि आप द्वारा उक्त तीनो मे से कोई एक सुविधा प्राप्त कर रखी है तो आप अपने केवाईसी दस्तावेजों के साथ बैंक की नजदीकी शाखा में सम्पर्क करे एवं अधिक जानकारी के लिए मोबाईल न. 94138-54111 पर सम्पर्क करे।

परमानन्द भट्ट
मुख्य कार्यकारी अधिकारी



**कार्यालय बाल विकास परियोजना अधिकारी जालोर**

क्रमांक: मबावि/निविदा/2025-26/1982 **निविदा सूचना 01/2025-26** दिनांक: 29.01.2026

श्रीमान निदेशक महोदय, निदेशालय समेकित बाल विकास सेवाये राजस्थान जयपुर के प्रशासनिक एव वित्तीय स्वीकृति कमांक एफ, 11(3) (6) / सहा.नि.मो./2000 आदर्श आंगनबाडी/आइसीडीएस/ 2024 राजकाज रेफरेन्स नम्बर 15562598 दिनांक 07.07.2025 व एफ.2() बजट / आवं./आइसीडीएस/25/75767 दिनांक 09.07.2025 के अंतर्गत इस परियोजना में 01 आदर्श आंगनवाड़ी केन्द्र के रूप में विकसित करने के फलस्वरूप निम्नलिखित आंगनबाडी केन्द्र आदर्श आंगनबाडी केन्द्र के रूप मे विकसित करने के तहत करवाये जाने वाले मरम्मत कार्य हेतु सार्वजनिक निर्माण विभाग / पंचायतराज विभाग / समसा में पंजीकृत संवेदकों से पंजीकृत संवेदकों से मुहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | नाम आंगनवाड़ीकेन्द्र | UBN NUMBER | निविदा विक्रय की अंतिम दिनांक व समय | निविदा प्रस्तुत करने की दिनांक व समय | निविदा खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | गोदन-2 | ICDS2526 WSOB01819 | दिनांक 09.02.2026 से 10.10.2025 को 12 बजे तक | दिनांक 29.01.2026 से 09.02.2026 को 02.00 बजे तक | दिनांक 09.02.2026 को 04.00 बजे |

नोटः- उपरोक्त लागत अनुमानित है तथा निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए http://sppp.rajasthan.gov.in पर विजिट करें अथवा कार्यालय समय में देखी जा सकती है।

NIB NUMBER NIT

बाल विकास परियोजना अधिकारी
जालोर